आई॰ डी॰ सं॰ - 454/म-26

प्रपत्र – 'क'

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत आवेदन

कम्प्यूटरीकृत अभिलेख
पंजीयन संख्या
पंजीयन सं॰ 520663 D
दिनांक 16.02.2026

सेवा में,
लोक सूचना पदाधिकारी,
पथ निर्माण विभाग (RCD),
बिहार सरकार, पटना।

1. **आवेदक का नाम:** संजीव कुमार
2. **पूरा पता:** 404, जेनएक्स आइकॉन, सगुना मोड़ के निकट, बेली रोड, पटना – 801503
3. **मांगी गई सूचना का विवरण:**

कृपया यह सूचित किया जाए कि पथ निर्माण विभाग द्वारा होपकोन इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को दरभंगा प्रमंडल अंतर्गत "राजवाड़ा–तरौनी से धोईघाट रोड (फरदाहा–इथरवा–अम्मी–मझिगामा–धबैल़ा धोईघाट मार्ग होते हुए)" पथ निर्माण कार्य कब एवं किस आदेश/कार्यादेश के माध्यम से Rescind किया गया था? संबंधित आदेश/कार्यादेश की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराई जाए।

माननीय पटना उच्च न्यायालय, पटना द्वारा Civil Writ Jurisdiction Case No. 1458 of 2025 में दिनांक 12.02.2025 को पारित आदेश (दिनांक 09.11.2024 के अभ्यावेदन पर विचार हेतु) के आलोक में—

(क) संबंधित प्राधिकारी स्तर पर कुल कितनी बार सुनवाई की तिथियाँ निर्धारित की गईं?
(ख) प्रत्येक सुनवाई की तिथि क्या थी? (तिथिवार विवरण एवं उसकी प्रति उपलब्ध कराई जाए)
(ग) सचिव/प्रधान सचिव/अपर मुख्य सचिव स्तर पर अंतिम सुनवाई किस तिथि को की गई?
(घ) अंतिम सुनवाई के उपरांत क्या प्रोसीडिंग/निर्णय/आदेश पारित किया गया?
(i) उक्त आदेश/प्रोसीडिंग की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराई जाए।
(ii) यदि कारणयुक्त आदेश (Speaking Order) पारित हुआ है तो उसकी प्रति भी प्रदान की जाए।

4. **सूचना की अवधि:** 2024 से वर्तमान तक
5. **सूचना प्राप्त करने का माध्यम:** ~~डाक द्वारा~~ / ईमेल द्वारा - INFO-USHAUDYOG@GMAIL.COM
6. **आवेदन शुल्क विवरण:** ₹10/-
   आई.पी.ओ. संख्या: 835897 दिनांक: 16/2/26

घोषणा:
मैं घोषित करता/करती हूँ कि मांगी गई सूचना सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 8 एवं 9 के अंतर्गत वर्जित नहीं है तथा मेरे ज्ञान के अनुसार सत्य है।

स्थान: PATNA दिनांक: 16/02/26

हस्ताक्षर: Sanjeev Kr

नाम: संजीव कुमार

प्रपत्र 'ङ'

(नियम 4 (2) देखे)

अन्य प्राधिकार से संबंधित आवेदन का स्थानान्तरण

बिहार सरकार

पथ निर्माण विभाग

पत्र संख्याः–**लो.सू.को./आई.डी.सं.–454/25–26** 1258(E) पटना, दिनांक–18/02/2026

प्रेषकः

लोक सूचना पदाधिकारी,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

निबंधित

लोक सूचना पदाधिकारी,
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ प्रमंडल, दरभंगा,
पथ निर्माण विभाग।

महाशय,

श्री संजीव कुमार का सूचना आवेदन दिनांक–16.02.2026 जो इस विभाग में दिनांक–16.02.2026 को प्राप्त हुआ है, जिसका **आई०डी०सं०–454/25–26** है। याचित सूचना आपके कार्यालय के क्षेत्राधिकार से संबंधित है।

अतः अधिनियम की धारा–6(3) के अनुपालन में इसे आवश्यक कार्यार्थ आपको स्थानान्तरित किया जाता है। अनुरोध है कि अपने क्षेत्राधिकार से संबंधित सूचना सीधे आवेदक को उपलब्ध कराते हुए उसकी एक प्रति अधोहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन

18/2/26

लोक सूचना पदाधिकारी

ज्ञापांकः–1258(E) पटना, दिनांकः–18/02/2026

निबंधित

प्रतिलिपिः– **श्री संजीव कुमार,** 404, जेनएक्स आइकॉन, सगुना मोड़ के निकट, बेली रोड, पटना जिला–पटना, पिन–801503 **(आवेदक)।**

चूँकि माँगी गई सूचना से संबंधित आपका आवेदन इस कार्यालय के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है, अतः इसे संबंधित क्षेत्राधिकार वाले लोक सूचना पदाधिकारी को स्थानान्तरित कर दिया गया है। उल्लेखित लोक सूचना पदाधिकारी से संपर्क करने के लिए अनुरोध किया जाता है।

18/2/26

लोक सूचना पदाधिकारी

कम्प्यूटरीकृत निर्गत
पंजीयन सं०.....
.....
दिनांक-.....